CDS I 2021 Previous Year Paper: General Knowledge

1.निम्नलिखित में से कौन-सी शीत महासागरीय जलधारा है।

A. ब्राजील जलधारा
B. गल्फ स्ट्रीम
C. उत्तरी विषुवतीय जलधारा
D. कैलिफोर्निया जलधारा

2.समुद्र में भारत की प्रादेशिक सीमा का विस्तार कहाँ तक है?

A. 10 समुद्री मील
B. 12 समुद्री मील
C. 14 समुद्री मील
D. 15 समुद्री मील

3.निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के बारे में सही है?

1. यह भारत सरकार की गरीबी कम करने संबंधी कार्यनीति का हिस्सा है।

2. यह ग्रामीण विकास के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना है।

3. यह ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क प्रदान करती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिएः

A. 1, 2 और 3
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 2

4.दीन दयाल उपाध्याय - ग्रामीण कौशल्य योजना (डी.टी.यू - जी. के.बाई.) के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. यह एक को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है।
B. यह गरीब परिवारों के ग्रामीण युवाओं के लिए है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

C. इसका उद्देश्य मजदी रोजगार देना है।
D. यह सरकारी एजेंसियों द्वारा दिए जाने वाले कौशल प्रशिक्षण पर पूर्ण रूप से निर्भर है।

5.मिशन इन्द्रधनुष का उद्देश्य है

A. न्यूमोनिया के कारण होने वाली शिशु मृत्यु को कम करना।
B. रोटावायरस के प्रभाव को कम करना।
C. मातृक टिटेनस रोग को समाप्त करना।
D. शिशुओं का पूर्ण प्रतिरक्षण।

6.सौभाग्य स्कीम का उद्देश्य सर्वव्यापी रूप से क्या प्रदान करना है?

A. एल.पी.जी. कनेक्शन
B. घरों (हाउसहोल्ड) का विद्युतीकरण
C. प्राथमिक स्कूली शिक्षा
D. जन-स्वास्थ्य बीमा

7.निधि (NIDHI) निम्नलिखित में से किनके प्रोत्साहन के लिए सार्वसमावेशी योजना (अंब्रेला स्कीम) है?

A. युवा एवं उच्चकाक्षी नवपवर्तकों के लिए
B. वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए
C. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए
D. ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के लिए

8.किरन (प्रोत्साहन के माध्यम से अनुसंधान प्रगति में ज्ञान समावेश) KIRAN (Knowledge Involvement in Research Advancement through Nurturing) किन महिला वैज्ञानिकों को अवसर प्रदान करने की एक पहल है?

A. जिन्होंने पारिवारिक कारणों से अपने कैरियर (पेशे) को बीच में छोड़ दिया
B. जो जीव विज्ञान (लाइफ साइंस) के क्षेत्र में नवीन अनुसंधान कर रही हैं
C. जिनके पास विदेशों में स्थित प्रयोगशालाओं के साथ सहयोगी परियोजनाएँ हैं
D. जिनके पास नैनो-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी नवीन परियोजनाएँ हैं

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

9.अमर-नायक प्रणाली निम्नलिखित में से किन भारतीय साम्राज्यिक शासकों की प्रमुख नवीन राजनीतिक खोज थी?

A. चोल
B. चालुक्य
C. गुप्त
D. विजयनगर

10.किस मराठा राजनेता ने 31 दिसम्बर, 1802 को 'बसई (बसीन) संधि' पर हस्ताक्षर किए थे?

A. बाजी राव II
B. विठुजी होल्कर
C. दौलत राव सिंधिया
D. माधव राव नारायण

11.'भारत में दासत्व' से संबंधित 1843 के अधिनियम V के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. इसके द्वारा स्वामियों को यह अधिकार दिया गया कि वे अपने दासों को स्वेच्छा से अपनी भूसंपदा के लिए बँधुआ की तरह रख सकें।
B. इसके द्वारा स्वामियों को अपने दासों पर दावा करने के लिए न्यायालय जाने से वंचित किया गया।
C. परित्याग के मामलों को सुलझाने के लिए न्यायालयों और स्वामियों ने संयुक्त रूप से कार्य किया।
D. दास भूमि के स्वामी बन गए।

12.वर्ष 1911 में, निम्नलिखित में से किसने भारत में अनिवार्य और नि:शुल्क प्राथमिक शिक्षा आरंभ करने के लिए इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में विधेयक प्रस्तुत किया था?

A. दादाभाई नौरोजी
B. बाल गंगाधर तिलक
C. सर हारकोर्ट बटलर

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

D. गोपाल कृष्ण गोखले

13.वर्ष 1922 में 'भील सेवा मंडल' की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी?

A. दयाराम गिडुमल
B. गुरुसदय दत्त
C. धोंडो केशव कर्वे
D. अमृतलाल विट्ठलदास ठक्कर

14.1931 के गाँधी-इरविन समझौते से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

A. सरकार उन कैदियों को नहीं छोड़ेगी जो अहिंसक रहे।
B. सरकार उन कैदियों को नहीं छोड़ेगी जो शराब और विदेशी-वस्त्र की दुकानों पर शांतिपूर्ण धरने पर बैठे थे।
C. काँग्रेस 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' के स्थगन के लिए सहमत नहीं हुई।
D. काँग्रेस दुसरे गोलमेज़ सम्मेलन में भाग लेने के लिए सहमत थी।

15.उस प्रतिशतता को क्या कहते हैं जिसके द्वारा उधारकर्ता उधार ली गई राशि से अधिक राशि चुकाता है?

A. बैंक दर
B. सांकेतिक ब्याज दर
C. वास्तविक ब्याज दर
D. ऋण की शर्तें

16.ऐसी परिसम्पत्ति या परिसम्पत्तियों को क्या कहते हैं जिन्हें कोई उधारकर्ता किसी कर्ज की चुकौती की गारंटी स्वरूप गिरवी रखे?

A. चेक
B. समर्थक ऋणाधार (कोलेटरल)
C. गारंटी कार्ड
D. बॉण्ड

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

17.सरकारी व्यय में वृद्धि से प्रेरित निजी निवेश व्यय में वृद्धि को क्या कहते हैं?

A. (निजी निवेश का) अंतर्गमन (क्राउडिंग इन)
B. घाटे की वित्त व्यवस्था (डेफिसिट फाइनेंसिंग)
C. (निजी निवेश का) बहिर्गमन (क्राउडिंग आउट)
D. (निजी निवेश का) भरमार से बाहर निकलना (पंपिंग आउट)

18.किसी अर्थव्यवस्था में ऐसी स्थिति को क्या कहते हैं जहाँ त्वरित मुद्रास्फीति (क़ीमतों का बढ़ता स्तर) के साथ वृद्धि धीमी गति से हो?

A. गतिरोध
B. अपस्फीति
C. स्फीति संबद्ध गतिरोध
D. मंदी

19.नौकरी संबंधी रिक्तियों के क्षेत्रीय अथवा व्यावसायिक पैटर्न और कामगारों की उपलब्धता के पैटर्न में मेल न होने पर निम्नलिखित में से क्या परिणाम होता है?

A. संरचनात्मक बेरोज़गारी
B. प्रच्छन्न बेरोज़गारी
C. परिवर्तित बेरोज़गारी
D. चक्रीय बेरोज़गारी

20.निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद कीमतों पर विभिन्न वर्षों के उत्पाद के आधार पर की जाती है।
B. संभाव्य सकल घरेलू उत्पाद वह वास घरेलू उत्पाद है जिसका उत्पादन, अर्थव्यवस्था अपने संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने में करती है।
C. सांकेतिक सकल घरेलू उत्पाद की गणना स्थिर कीमतों पर विभिन्न वर्षों के उत्पादन के मूल्यांकन के आधार पर की जाती है।
D. प्रति व्यक्ति वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद को जनसंख्या से विभाजित करने पर प्राप्त अनुपात है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

21.मानव विकास के निम्नलिखित में से किस दृष्टिकोण का प्रस्ताव प्रारंभ में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आई.एल.ओ.) द्वारा किया गया और
स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, जलापूर्ति, स्वच्छता और आवासन पर बल दिया गया?

A. कल्याण दृष्टिकोण
B. मूलभूत आवश्यकता दृष्टिकोण
C. आय दृष्टिकोण
D. सामर्थ्य दृष्टिकोण

22.मिल्पा और लदांग निम्नलिखित में से किसके अन्य नाम हैं?

A. झूम खेती
B. मिश्रित कृषि
C. ट्रक कृषि
D. बागान खेती

23.निम्नलिखित में में किसने कहा कि लोकतंत्र का अर्थ 'सम्मति से शासन' की प्रणाली है?

A. जॉन लॉक
B. जे. एस. मिल
C. जेरेमी बेंथम
D. जे.जे. रूसो

24.'विधिक प्रत्यक्षवाद' क सिद्धांत किसके द्वारा विकसित किया गया?

A. टी.एच. ग्रीन
B. थॉमस हॉब्स
C. जॉन ऑस्टिन
D. पैट्रिक डेबलिन

25.भारत के राज्यक्षेत्र में विधि के समक्ष समता अथवा विधियों के समान संरक्षण की गारंटी, भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत दी गई।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

A. अनुच्छेद 14
B. अनुच्छेद 15
C. अनुच्छेद 16
D. अनुच्छेद 22

26.संसद में 'निर्णायक मत' के बारे में निम्नलिखित कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. अध्यक्ष अथवा म रुप में कार्य करने वाला व्यक्ति यह मत देता है।

2. प्रथम बार मतदान के अतिरिक्त यह मत दिया जाता है।

3. मत बराबर होने की दशा में यह मत दिया जाता है।

4. यथास्थिति बनाए रखने के लिए हमेशा यह मत दिया जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 4
D. केवल 3

27.राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष कौन हैं?

A. प्रधान मंत्री
B. गृह मंत्री
C. राष्ट्रपति
D. स्वास्थ्य मंत्री

28.ईस्ट इंडिया कंपनी ने चीनी व्यापार की एकाधिकार कब खो दिया?

A. 1813
B. 1833
C. 1838
D. 1860

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

29.ब्रिटिश भारतीय चिकित्सा सेवा (आई.एम.एम.) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है?

A. आई.एम.एस. वर्ष 1764 में आरंभ हुई।
B. इसमें प्रतियोगी परीक्षा द्वारा स्वास्थ्य व्यावसायिकों की भर्ती की जाती थी।
C. आई.एम.एस. में भारतीयों को कभी प्रवेश नहीं दिया जाता था।
D. प्रारंभ में आई.एम.एस. सेना की देखभाल के लिए दी।

30.रैयतवाड़ी बंदोबस्त के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. रैयतवाड़ी बंदोबस्त दक्षिण और पश्चिमी भारत में अपनाया गया।
B. सैद्धान्तिक रूप में रैयतवाड़ी रैयत और राज्य के बीच एक प्रत्यक्ष संविदा थी।
C. यह एक का संविदा थी जो सामान्यतः 30 वर्ष के लिए वैध थी।
D. सैद्धान्तिक रूप में, इससे पूर्ववर्ती अभिजात-वर्ग अर्थात् जमीदार और अधिक मजबूत हुए और किसान वर्ग और अधिक कमजोर।

31.अविश्वास प्रस्ताव निम्नलिखित में से किसके विरुद्ध प्रस्तावित किया जाता है?

A. किसी मंत्री
B. मंत्रिपरिषद्
C. प्रधान मंत्री
D. किसी राजनीतिक दल

32.भारत के उप-राष्ट्रपति के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. वह पुनर्निर्वाचन के लिए पात्र नहीं है।
B. उसकी आयु अवश्य 35 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।
C. उसका निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सदस्यों से मिलकर बनने वाले निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाता है।
D. उसकी पदावधि पाँच वर्ष होती है।

33.निम्नलिखित में से कौन-सा/से अधिकार गैर-नागरिकों के लिए उपलब्ध है/हैं?

1. वाक स्वातंत्र्य

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

2. आत्म-दोषारोपण से संरक्षण

3. अंत:करण की स्वतंत्रता

4. रोजगार के मामलों में विभेद न करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए तर चयन कीजिए:

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 1, 3 और 4
C. केवल 2 और 3
D. केवल 2

34.संसद की संरचना के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. राज्य सभा में राज्यों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन सीधे जनता द्वारा किया जाता है।
B. लोक सभा में संघ राज्य क्षेत्रों से प्रतिनिधियों का चुनाव प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा किया जाता है।
C. राज्य सभा में 12 नामित सदस्य होते हैं।
D. लोक सभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थान आरक्षित होते हैं।

35.निम्नलिखित में से कौन-सा केंद्रीय मंत्रिमंडल का सही विवरण नहीं है?

A. यह संसद का एक भाग है।
B. यह संसद के प्रति उत्तरदायी है।
C. यह उस समय तक सत्ता में रहता है, जब तक उसे संसद का विश्वास प्राप्त हो।
D. संसद से बाहर के किसी व्यक्ति को कभी भी मंत्रिमंडल का सदस्य नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

36.निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

1. पंचायत के निर्वाचन राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित किए जाते हैं।

Gradeup
Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

2. राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा की जाती है।

3. राज्य विधान मंडलों को पंचायत के निर्वाचन से संबंधित सभी विषयों पर विधि बनाने की शक्ति होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए:

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 1 और 3

37.पंचायती राज व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. पंचायत की सभी सीटें प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चयनित व्यक्तियों द्वारा भरी जाती हैं।

2. 'ग्राम सभा' में ग्रामीण निर्वाचक नामावली में पंजीकृत व्यक्ति शामिल होते हैं।

3. पंचायत के अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्येक राज्य द्वारा पारित विधि के अनुसार किया जाता है।

4. भारत के सभी राज्यों में पंचायतों की त्रि-स्तरीय व्यवस्था है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. केवल 1 और 4
B. केवल 1, 2 और 3
C. केवल 2 और 3
D. केवल 2, 3 और 4

38.निम्नलिखित में से कौन-सी यूनिट आकाशवाणी की लिप्यंकन एवं कार्यक्रम विनिमय सेवा (ट्रांसक्रिप्शन एंड प्रोग्राम एक्सचेंज सर्विस) का भाग नहीं है?

A. केन्द्रीय अभिलेखागार
B. ध्वनि अभिलेखागार

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

C. उन्नत अनुसंधान यूनिट
D. लिप्यंकन यूनिट

39.निम्नलिखित में से कौन-सी सामाजिक सुरक्षा योजना/योजनाएँ है/हैं?

1. अटल पेंशन योजना

2. प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

3. प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए:

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. केवल 1 और 3

40.सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए:

सूची I	सूची II
(A) चक्रवात (साइक्लोन)	1. पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया
(B) हरिकेन	2. दक्षिण चीन सागर
(C) टाइफून	3. हिन्द महासागर
(D) बिलि-बिलि	4. अटलांटिक महासागर

कूट:

A. a-3 b-2 c-4 d-1
B. a-3 b-4 c-2 d-1
C. a-1 b-4 c-2 d-3
D. a-1 b-2 c-4 d-3

41.निम्नलिखित में से कौन-सा देशांतर रेखांश भारत का मानक याम्योत्तर है?

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

A. 83° 30' E
B. 82° 30' E
C. 82° 30' W
D. 83° 30' W

42.निम्नलिखित में से कौन-सा जलाशय अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को अलग करता है?

A. मन्नार की खाड़ी

B. दस डिग्री चैनल

C. ग्यारह डिग्री चैनल

D. पाक जलडमरूमध्य (पाक स्ट्रेट)

43.निम्नलिखित में से भारत का सबसे बड़ा भाषायी समूह कौन सा है?

A. चीनी-तिब्बती

B. ऑस्ट्रिक

C. भारतीय-आर्य

D. द्रविड़

44.किसी नए राज्य के निर्माण या राय की सीमाओं में परिवर्तन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 168 के अधीन संसद में संशोधन प्रस्ताव लाना होगा।

2. संसद द्वारा संशोधन करने के बाद आधे राज्यों द्वारा उसका अनुसमर्थन आवश्यक होता है।

3. विधान को संसद के दोनों सदनों द्वारा साधारण बहुमत से पारित किया जा सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 3

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

D. केवल 2 और 3

45.निम्नलिखित में से किस बृहत् सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को 'नवरत्न' का दर्जा दिया गया?

A. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
B. गैस अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
C. भारत पेट्रोलियम कॉपोरेशन लिमिटेड
D. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

46.मराठी समाचार-पत्र 'केसरी' की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी?

A. लोकमान्य तिलक
B. बल्लभभाई पटेल
C. लाला लाजपत राय
D. महात्मा गांधी

47.केन्द्र राज्य संबंधों पर एम.एम. पुंछी आयोग ने संघ कार्यपालिका के विचारार्थ आरक्षित विधेयक को कितनी समयावधि के भीरत निपटाने की सिफारिश की है?

A. चार माह
B. छह माह
C. आठ माह
D. पाँच माह

48.निम्नलिखित में से राष्ट्रीय संविधान प्रकार्य समीक्षा आयोग (नेशनल कमीशन फॉर रिव्यू ऑफ दि वर्किंग ऑफ दि कॉन्स्टिट्यूशन) (2000) के अध्यक्ष कौन थे?

A. न्यायमूर्ति एम.एन. वेंकटचेलैया
B. न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा
C. न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र
D. न्यायमूर्ति वाई.के. सभरवाल

Gradeup
Green Card
Unlimited Access
to 300+ Defence
Mock Tests
START FREE TRIAL

49.अकबर के दरबार में निम्नलिखित में से किस विद्वान ने भास्कराचार्य की 'लीलावती' का फारसी में अनुवाद किया?

A. अबुल फ़ज़ल
B. फैज़ी
C. फ़थुल्ला शिराज़ी
D. अताउल्लाह रशीदी

50.सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिएः

(लेखक)	(काव्य कृति)
(A) बृन्दावन दास	1. शिवसंकीर्तन
(B) कृष्णदास कविराज	2. चंडीमंगल
(C) मुकुन्दराम चक्रवर्ती	3. चैतन्यचरितामृत
(D) रामेश्वर भट्टाचार्य	4. चैतन्यमंगल

कूट:

A. a-4 b-2 c-3 d-1
B. a-4 b-3 c-2 d-1
C. a-1 b-3 c-2 d-4
D. a-1 b-2 c-3 d-4

51.एक ही खेत में, एक निश्चित पैटर्न में एक साथ दो या अधिक फसलें उगाने को क्या कहते है?

A. मिश्रित फसल
B. अंतर फसल
C. मिश्रित कृषि
D. संकर कृषि

52.कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई सिस्टम, जो हाल ही में समाचारों में था, कहाँ निर्मित किया जा रहा है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

A. केरल
B. गुजरात
C. तेलंगाना
D. महाराष्ट्र

53.वर्ष 2020 में भारत का निनलिखित में से कौन-सा टाइगर रिजर्व यूनरेस्को द्वारा संरक्षित जैवमंडल घोषित किया गया?

A. पन्ना टाइगर रिजर्व
B. नामदफा टाइगर रिजर्व
C. दुधवा टाइगर रिजर्व
D. पेंच टाइगर रिजर्व

54.'मिशन सागर - II' में निम्नलिखित में से कौन-सा पोत सम्मिलित था?

A. आई.एन.एस. शक्ति
B. आई.एन.एस. विक्रमादित्य
C. आई.एन.एस. केसरी
D. आई.एन.एस. ऐरावत

55.पेनिनसुला शील्ड फोर्स निम्नलिखित में से किसका सैन्य बल है?

A. इस्लामी सहयोग संगठन (ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन)
B. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (ऑर्गेनाइजेशन ऑफ दि पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज़)
C. खाड़ी सहयोग परिषद् (गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल)
D. अरब लीग

56.'CARAT Bangladesh 2020' बांग्लादेश और किस देश के बीच संयुक्त नौसेना अभ्यास था?

A. भारत
B. यू.एस.ए.

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

C. जापान

D. थाईलैंड

57.लूहरी जल-विद्युत शक्ति परियोजना का निर्माण निम्नलिखित में से किस नदी पर किया जा रहा है?

A. सतलज

B. व्यास

C. रावी

D. चेनाब

58.हॉलीवुड अभिनेता सर शॉन कॉनरी, जिनका हाल ही में देहान्त हुआ है, किसकी भूमिका अदा करने के लिए विख्यात थे?

A. रॉकी

B. कैप्टन जैक स्पैरो

C. टर्मिनेटर

D. जेम्स बॉन्ड

59.मालाबार अभ्यास, 2020 (Exercise Malabar, 2020) का प्रथम चरण निम्नलिखित में से कहाँ संचालित किया गया?

A. पोर्ट ब्लेयर

B. मुंबई

C. विशाखापट्टनम

D. कोच्चि

60.निम्नलिखित में से कौन सा देश राष्ट्रों के क्वाड समूह का सदस्य नहीं है?

A. फ्रांस

B. यू.एस.ए.

C. ऑस्ट्रेलिया

D. जापान

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

61.'पिनाका' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. यह एक बहु-बैरल रॉकेट प्रणाली है।
B. यह एक प्रकार का युद्ध टैंक है।
C. यह एक उन्नत पनडुब्बी है।
D. यह एक स्वदेश में विकसित ड्रोन प्रणाली है।

62.परासरण (ऑस्मोसिस) निम्नलिखित में से किस माध्यम से होकर जल अणुओं के गुजरने की प्रक्रिया है?

A. कोशिका-भित्ति से होकर उच्च सांद्रता से निम्न सांद्रता की ओर
B. पूर्णत: पारगम्य झिल्ली से होकर निम्न सांद्रता उच्च सांद्रता की ओर
C. पूर्णत: पारगम्य झिल्ली से होकर उच्च सांद्रता से निम्न सांद्रता की ओर
D. अर्ध-पारगम्य झिल्ली से होकर उच्च सांद्रता से निम्न सांद्रता की ओर

63.कौन-से कोशिकागों के अपने ही डी.एन.ए. और राइबोसोम होते है।

A. गॉल्जी बॉडी और एडोप्लामिक रेटिकुलम
B. सूत्रकणिका और लवक
C. तयनकाय और गॉल्जी बॉडी
D. रसधानी और लवक

64.एक छात्रा पौधों में कोशिका-विभाजन की वृद्धि के संबंध में एक प्रयोग कर रही थी। उसने इसके लिए, अपने पर्यवेक्षक से विशिष्ट पादप हॉर्मोन का सुझाव देने को कहा। यदि आप उसके पर्यवेक्षक होते, तो आप कौन-से पादप हार्मोन का सुझाव देते?

A. ऐब्सिसिक ऐसिड
B. जिबरेलिन्स
C. साइटोकाइनिन
D. ऑक्सिन

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

65.एक बच्ची को जन्म-दिवस पर अपने पिता से एक लम्बा, सुन्दर पौधा उपहार में मिला, किंतु साथ में एक प्रश्न भी था। पिता ने पूछा कि वह कैसे सत्यापित करेगी कि इस संतति लम्बे पौधे के दोनों जनक पौधे लम्बे थे या एक जनक पौधा लम्बा और दूसरा छोटा था। वह निम्नलिखित में से किस विधि से इसका सत्यापन कर सकती है?

A. पर-परागण
B. स्व-परागण
C. ऊतक संवर्धन
D. ऋणात्मक प्रवर्धन

66.निम्नलिखित में से किसकी कोशिकाओं में कोशिका भित्ति नहीं होता है?

A. जीवाणु
B. पौधे
C. कवक
D. मानव

67.निम्नलिखित में से कौन-सी हद् पेशी कोशिका की संरचना है।

A. बेलनाकार, अशाखित और बहुकेंद्रकी
B. मेरुदंडाकार, अशाखित और एककेंद्रकी
C. मेरुदंडाकार, शाखित और एककेंद्रकी
D. बेलनाकार, शाखित और एककेंद्रकी

68.निम्नलिखित में से कौन-सा स्वजीवी प्राणी है ?

A. यकृत् पर्णाभ
B. वूचेरेरिया
C. प्लैज्मोडियम
D. प्लैनेरिया

69.'निद्रालु व्याधि' निम्नलिखित में से किसके कारण होती है?

Gradeup Green Card | Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests START FREE TRIAL

A. ट्रिपैनोसोमा
B. लीशमेनिया
C. प्लैज्मोडियम
D. पैरामीशियम

70.कोई प्रतिजैविक, विषाणु के विरुद्ध प्रभावी नहीं है, जबकि टीका प्रभावी है। इसका निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त कारण क्या है?

A. प्रतिजैविक केवल आर.एन.ए. को भंग कर सकता है, जबकि विषाणु में डी.एन.ए. होता है।
B. रासायनिक प्रकृति में प्रतिजैविक एक कार्बोहाइड्रेट है, जबकि टीका प्रोटीन है, जो सहज ही विषाणु को मार देता है।
C. केवल टीका ही विषाणु के आनुवंशिक पदार्थ को भंग कर सकता है।
D. विषाणु किसी जैव रसायनी पथ का उपयोग नहीं करता है, जो किसी प्रतिजैविक द्वारा अवरुद्ध हो सके। किंतु टीके से विषाणु से लड़ने के लिए रोग प्रतिरक्षा तंत्र की क्षमता बढ़ सकती है।

71.ऐलुमिनियम का निर्माण किससे होता है?

A. ताम्र अयस्क से
B. बॉक्साइट अयस्क से
C. अभ्रक अयस्क से
D. मैगनीज़ अयस्क से

72.किसी विलयन के 180 g विलायक में 20 g विलेय घुला है। यदि विलायक जल हो, तो द्रव्यमान बटा द्रव्यमान प्रतिशत के पदों में विलयन की सांद्रता क्या है?

A. 11.1%
B. 22.2%
C. 10%
D. 20%

73.निम्नलिखित में से किस धातु को मिट्टी के तेल (किरोसिन) में डुबो कर रखा जाता है ताकि वह सुरक्षित रहे और उसमें आकस्मिक रूप से आग लगने को रोका जा सके?

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

A. कैल्सियम

B. सोडियम

C. वैनेडियम

D. मैग्नीशियम

74.निम्नलिखित में से किस पदार्थ से चाँदी की वस्तुओं की अभिक्रिया होती है, जिससे वे काले प ड़ जाते हैं?

A. सल्फर

B. ऑक्सीजन

C. कार्बन डाइऑक्साइड

D. फ़ॉस्फोरस

75.किसी बॉयलिंग ट्यूब में जब हम लेड नाइट्रेट [$Pb(NO_3)_2$] को गर्म करते हैं, तो हमें भूरे रंग का धुआँ उत्सर्जित होते दिखाई देता है। यह भूरी गैस निम्नलिखित में से कौन-सी है?

A. NO
B. N_2O_2
C. NO_3
D. NO_2

76.बुझा चूना तैयार करने के लिए कैल्सियम ऑक्साइड की जल के साथ प्रबल अभिक्रिया होती है , जिसके घोल का प्रयोग दीवारों पर सफेदी (पुताई) के लिए किया जाता है । यह बुझा चूना घटक (B) की पतली परत बनाने के लिए वायु में घटक (A) के साथ अभिक्रिया करता है। ताकि एक च मकदार फिनिश दी जा सके। घटक (A) और (B) क्या-क्या है?

A. A – O_2 : B- $CaCO_3$
B. A – CO_2 : B – $Ca(OH)_2$
C. A – O_2 : B – $Ca(OH)_2$
D. A – CO_2 : B – $CaCO_3$

77.कठोर जल को मृदु बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस सोडियम यौगिक का प्रयोग किया जाता है?

A. Na_2CO_3
B. $NaHCO_3$

Gradeup Green Card | Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests START FREE TRIAL

C. NaOH
D. Na_2SO_4

78.सोडा-ऐसिड अभिशासकों में निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है।

A. सोडियम क्लोराइड
B. सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट
C. कैल्सियम हाइड्रॉक्साइड
D. ऐसीटिक ऐसिड

79.प्राकृतिक रूप में प्राप्त होने वाले निम्नलिखित अम्लो में से कौन-सा अम्ल टमाटर में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?

A. ऐसीटिक अम्ल
B. सिट्रिक अम्ल
C. ऑक्सैलिक अम्ल
D. टार्टरिक अम्ल

80.'विखंडन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

1) यह एककोशिक जीव के कोशिका-विभाजन द्वारा नए जीवों के सृजन से संबंधित है।

2) इसका संबंध गुरुतर नाभिक का लघुतर नाभिक में रूपांतर से है।

3) यह दो उच्चतर नाभिक के संयोग से एक गुरुतर नाभिक के सृजन से सबंधित है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. केवल 1 और 3

81.निम्नलिखित में से किस धातु में आघातवर्धनीयता और तन्यता, दोनों गुण होते हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

A. Na
B. Au
C. Ce
D. Hg

82.निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व अधातु है, किंतु चमकीला है?

A. कार्बन

B. सिलिकॉन

C. जर्मेनियम

D. आयोडीन

83.'नैनो-प्रोद्योगिकी में अध्ययन किए जाने वाले कणों का आकार लगभग कितना होता है।

A. 1Å-10 nm
B. 1 – 100 nm
C. 1-50 μ
D. 1 mm – 10 mm

84.किमी वस्तु का भार निम्नलिखित में से किसके परिणामस्वरूप होता है।

A. वस्तु पर लगने वाला नेट बल

B. वस्तु पर किन्हीं भी दिशाओं में लगने वाले सभी बलों का योग

C. वस्तु द्वारा जमीन पर आरोपित बल

D. इसका अक्रिय गुणधर्म

85.एकसमान वृत्तीय गति में त्वरण की दिशा किस ओर होती है?

A. गति की दिशा में

B. प्रेक्षण बिंदु पर वृत्त की स्पर्श-रेखा की ओर

C. वेग की दिशा में

D. वेग की दिशा के लंबवत्

86.प्राथमिक इन्द्रधनुष बनने में प्रकाश के कितने आंतरिक परावर्तन होते है।

Gradeup Green Card | Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests START FREE TRIAL

A. 0
B. 1
C. 2
D. 2 से अधिक

87.निम्नलिखित में से कौन-सा विद्युत-
चुम्बकत्व नियम चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा निर्देशित नहीं करता है?

A. दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम
B. फ्लेमिंग का वाम-हस्त नियम
C. फ्लेमिंग का दक्षिण-हस्त नियम
D. फैराडे का विद्युत् चुम्बकीय प्रेरण का नियम

88.निम्नलिखित में से विद्युत धारा के तापन प्रभाव की खोज करने वाला अग्रणी कौन है?

A. आइसाक न्यूटन
B. गैलिलिओ गैलीली
C. जेम्स पी. जूल
D. जे.जे. थॉमसन

89.किसी अगोलाकार चमकदार चम्मच को सामान्यतः क्या माना जा सकता है।

A. गोलाकार दर्पण
B. परवलयिक दर्पण
C. समतल दर्पण
D. लेन्स

90.निम्नलिखित में से कौन सा विद्यत चालक है?

A. प्लास्टिक की चादर
B. आसुत जल
C. मानव शरीर
D. लकड़ी की पतली चादर

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

91.हमें विभिन्न लंबाई और अनप्रस्थ-
काट के विभिन्न क्षेत्रफल के तीन ताँबे के तार दिए गए हैं। निम्नलिखित में से किसकी अधिकतम प्रतिरोधकता होगी ?

A. 50 cm लंबाई और 1 mm व्यास वाला ताँबे का तार
B. 25 cm लंबाई और 0.5 mm व्यास वाला ताँबे का तार
C. 10 cm लंबाई और 2.0mm व्यास वाला ताँबे का तार
D. All the wires would have same resistivity

92.निम्नलिखित में से कौन-सी सूरजमल-नागरमल ग्रुप ने ले ली थी?

A. मैक्लियोड
B. ऑक्टेवियस स्टील
C. डेवनपोर्ट
D. एन्ड्रयू बूल

93.फ्राँस्वा बर्नियर निम्नलिखित में से किसके चिकित्सक थे?

A. राजकुमार मुराद
B. राजकुमारी जहाँआरा
C. सम्राट शाहजहाँ
D. राजकुमार दारा शिकोह

94.विनिमय दर एक मुद्रा के मूल्य को अन्य मुद्राओं के सापेक्ष दर्शाती है। मुद्रा की विनिमय-दर के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है।

A. अस्थायी विनिमय दरें ऐसी दो होती, जिसमें सरकारें अपनी अपनी मुद्रा को खरीद कर या बेच कर हस्तक्षेप करती हैं।
B. नियत विनिमय दर ऐसी दो होती है जिन्हें सरकारी निर्णयों द्वारा नियत किया जाता है और जो सरकारी कार्रवाई द्वारा कायम रखी जाती है।
C. 'ब्रेटन वुड्स प्रणाली' के अन्तर्गत विनिमय दरें सोने की कीमतों में उतार-
चढ़ाव के अनुसार जारी (फ्लोट) की जाती है।
D. क्लासिकी स्वर्ण मानक के अन्तर्गत विनिमय दरें, डॉलर की कीमत के अनुसार नियत की जा

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

ती हैं।

95.सरकार की कुल प्राप्तियों से अधिक अतिरिक्त कुल व्यय, जिसमें ऋण शामिल नहीं हैं, क्या कहलाता है।

A. प्राथमिक घाटा
B. राजकोषीय घाटा
C. चाल घाटा
D. पूँजीगत घाटा

96.वास्तविक सकल घरेलु उत्पाद का संतुलन स्तर, संभाव्य सकल घरेलू उत्पाद से कम हो, तो उस स्थिति को क्या कहते हैं?

A. मंदी अंतराल
B. मुद्रास्फीति अंतराल
C. माँग-प्रेरित मुद्रास्फीति
D. आपूर्ति-प्रेरित मुद्रास्फीति

97.निम्नलिखित में से कौन-सा मुद्रा का कार्य नहीं है?

A. विनिमय प्रक्रिया में मध्यस्थ के रूप में कार्य करना
B. मूल्य-संचय के रूप में कार्य करना
C. लेखा इकाई के रूप में प्रयुक्त
D. उपभोग विनियमित करने के लिए

98.जापान को लौह-अयस्क के निर्यात के लिए निम्नलिखित समुद्री पत्तनों में से किसे महत्त्व मिला?

A. काँडला
B. एनोर
C. कोच्चि
D. मोरमुगांव

Gradeup
Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

99.अरेबिका, रोबस्टा और लाइबेरिका निम्नलिखित में से किसकी किस्में हैं।

A. कॉफी
B. चाय
C. गन्ना
D. कपास

100.दी गई विशेषताओं के आधार पर मृदा के प्रकार की पहचान कीजिए।

1) इनमें चूना, लौह, मैग्नीशिया और ऐलुमिना प्रचुर मात्रा में होनी है।

2) ये सामान्यतः मृत्तिकामय, गभीर और अपारगम्य होती है।

3) ये मुख्यतः महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में पाई जाती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

A. लैंटेगइट मृदा
B. लाल एवं पीत मृदा
C. लवण मृदा
D. काली मृदा

101.निम्नलिखित में से कौन-सा चित्रकार हुमायूँ से संबद्ध नहीं था?

A. मीर सईद अली
B. मौलाना दोस्त मुसाविर
C. मौलाना यूसुफ
D. बिहज़ाद

102.निम्नलिखित में से किस समाजवादी कार्यकर्ता ने गाँधीजी को नमक सत्याग्रह आंदोलन को केवल पुरुषों तक सीमित नहीं रखने के लिए मनाया?

A. कमलादेवी चट्टोपाध्याय
B. सरोजिनी नायडू
C. मातंगिनी हाजरा

Gradeup Green Card | Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

D. मिठबेन पेटिट

103.निम्नलिखित में से कौन 'लोकहितवादी' के रूप में लोकप्रिय थे।

A. गोपाल हरि देशमुख
B. महादेव गोबिन्द रानाडे
C. गोपाल कृष्ण गोखले
D. ज्योतिबा फुले

104.जलोढ़ मृदा की प्रकृति बलुई दुमट से लेकर चिमनी मिट्टी तक भिन्न-भिन्न होती है। इसमें सामान्यतः

A. पोटैश कम और फॉस्फोरस प्रचुर मात्रा में होता है।
B. पोटैश और फॉस्फोरस दोनों ही कम मात्रा में होता है।
C. पोटैश और फॉस्फोरस दोनों ही प्रचुर मात्रा में होता है।
D. पोटैश प्रचुर और फॉस्फोरस कम मात्रा में होता है।

105.भूकंपों की प्राथमिक तरंगों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. ये ध्वनि तरंगों जैसी होती हैं।
B. ये केवल ठोस पदार्थों में से होकर गमन कर सकती हैं।
C. ये गैसीय, तरल और ठोस पदार्थों में से होकर गमन करती हैं।
D. ये तेजी से गति करती हैं और सतह पर सबसे पहले पहुँचती हैं।

106.ओजोन परत, जो पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करती है, वायुमंडल की निम्नलिखित में से किस परत में पाई जाती है?

A. आयनमंडल
B. क्षोभमंडल
C. मध्यमंडल
D. समतापमंडल

107.निम्नलिखित में से कौन-सा आश्तेव चट्टान का एक प्रकार है?

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

A. मार्बल
B. हैलाइट
C. ग्रैनाइट
D. शेल

108.निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर फसल की पहचान कीजिए:

1) यह खरीफ की फसल है।

2) एक कृषि वर्ष में इसकी तीन विभिन्न वर्धन अवधियाँ आउस, अमन और बोगे है।

3) भारत की कुल एक-चौथाई कृषि भूमि में इसकी खेती होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए

A. गेहूँ
B. चावल
C. दाल
D. कपास

109.संसद के 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा निम्नलिखित में से किसे विलोपित किया गया?

A. शोषण के विरुद्ध अधिकार
B. सांविधानिक उपचारों का अधिकार
C. संपत्ति का अधिकार
D. शिक्षा का अधिकार

110.संसद में किसी सामान्य विधेयक को प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित में से कौन-सा प्रस्ताव नहीं किया जा सकता है?

A. यह कि विधेयक पर विचार किया जाए
B. यह कि जनता की राय प्राप्त करने के प्रयोजन से विधेयक को परिचालित किया जाए
C. यह कि विधेयक को किसी प्रचर समिति को भेजा जाए
D. विधेयक को दूसरे सदन की सहमति के बिना सदन की किसी संयुक्त समिति को भेजा

Gradeup
Green Card
Unlimited Access
to 300+ Defence
Mock Tests
START FREE TRIAL

जाए

111.भारत के संविधान का अनुच्छेद 231 निम्नलिखित में से किसे दो या अधिक राज्यों के लिए एक ही उच्च न्यायालय की स्थापना करने की शक्ति प्रदान करता है?

A. संसद
B. उच्चतम न्यायालय
C. भारत के राष्ट्रपति
D. केंद्रीय मंत्रिमंडल

112.निम्नलिखित में से कौन-सा नीति (NITI) आयोग का उद्देश्य नहीं है?

A. यह विकास प्रक्रिया के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा और कार्यनीतिगत सूचना (इनपुट) उपलब्ध करता है।
B. यह नीति के प्रमुख तत्त्व उपलब्ध करने में 'चिंतक मंडल' के रूप में कार्य करता है।
C. यह कार्यक्रमों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखता है और उसका मूल्यांकन करता है।
D. यह अंतर-राज्य विवादों के समाधान के लिए 'समग्र उपाय प्रदाता' (प्रोवाइडर ऑफ फर्स्ट एंड लास्ट रिसोर्ट) के रूप में एक मंच प्रदान करता है।

113.निम्नलिखित में से कौन-सा केन्द्रीकरण की विशेषता नहीं है?

A. राष्ट्रीय एकता
B. एकरूपता
C. समृद्धि
D. स्वाधीनता

114.किसने बनारस में सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल की स्थापना की, जो बाद में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय बना?

A. मदन मोहन मालवीय
B. एनी बेसेन्ट
C. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
D. मैडम एच.पी. ब्लावाट्स्की

Gradeup
Green Card
Unlimited Access
to 300+ Defence
Mock Tests
START FREE TRIAL

115.वर्ष 1943 में, महाराष्ट्र के निम्नलिखित किस जिले में युवा नेताओं ने स्वयंसेवक कोर (सेवा दलों) और ग्राम इकाइयों (तूफ़ान दलों) के साथ मिलकर समांतर सरकार (प्रति सरकार) बनाई थी?

A. पुणे
B. नासिक
C. नागपुर
D. सतारा

116.संन्यासी और फकीर अशांति/विद्रोह के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1) गवर्नर-जनरल वारेन हेस्टिंग्स ने बंगाल और बिहार में निरंतर संन्यासी और फकीर अशांतियों का सामना किया।

2) अनेक शैवपंथी नागा संन्यासियों ने सशस्त्र दल बनाया।

3) मजनू शाह, जिसने 1771 से बंगाल की ओर दलों का नेतृत्व किया, उनका प्रमुख नेता था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. केवल 1 और 2
B. 1, 2 और 3
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

117.मराठाओं और ब्रिटिश के बीच निम्नलिखित संधियों/कन्वेंशनों को कालक्रमानुसार (सबसे पहले से शुरुआत करते हुए) व्यवस्थित कीजिए :

1) सालबाई की संधि

2) पुरन्दर की संधि

3) वडगाँव का कन्वेंशन

4) सूरत की संधि

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. 4-2-3-1
B. 4-3-2-1
C. 1-3-2-4
D. 1-2-3-4

118.निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कोरिऑलिस बल के बारे में सही नहीं है?

A. यह बल ध्रुवों पर अधिकतम होता है।
B. यह बल भूमध्यरेखा पर नहीं होता है।
C. यह बल दक्षिणी गोलार्ध में वायु को दायीं दिशा में विक्षेपित करता है।
D. यह बल उत्तरी गोलार्ध में वायु को दायीं दिशा में विक्षेपित करता है।

119.जब नदियाँ सभी दिशाओं से अपना पानी किसी झील अथवा गर्त में प्रवाहित करती हैं, तो उस पैटर्न को क्या कहा जाता है?

A. जालायित (ट्रेलिस)
B. द्रुमाकृतिक (डेंड्रिटिक)
C. अरीय (रेडियल)
D. अभिकेंद्री (सेंट्रीपीटल)

120.सिंधु नदी की निम्नलिखित में से कौन-सी सहायक नदी भाखड़ा नांगल परियोजना की नहर-प्रणाली को पानी की आपूर्ति करती है?

A. चेनाव
B. सतलज
C. रावी
D. झेलम

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 300+ Defence Mock Tests
START FREE TRIAL